# निदेशालय : अकादमिक, शोध एवं प्रशिक्षण उत्तराखण्ड,

सीमैट भवन, तपोवन मार्ग,
ननूरखेड़ा, देहरादून।

सेवा में,

- निदेशक, माध्यमिक / प्रारम्भिक शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून।
- अपर निदेशक, मा0 / प्रा0, कुमाऊं / गढ़वाल मण्डल।
- समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी, उत्तराखण्ड।

पत्रांक : शिविर / 1551-55 / छः–45 / 2025–26, दिनांक 24 दिसम्बर 2025,

**विषय : दिनांक 26.12.2025 को विद्यालयों में वीर बाल दिवस मनाए जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून के पत्रांक : रा॰प॰का॰ / 1861 / वीर बाल दिवस / 2025–26, दिनांक 22 दिसम्बर 2026 **(संलग्न–1)**, जो कि समस्त जिला परियोजना अधिकारी, समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड को सम्बोधित है, का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें भारत के भविष्य की नींव के रूप में बच्चों को सम्मानित करने के लिए समर्पित एक राष्ट्र व्यापी उत्सव के रूप में **''वीर बाल दिवस''** प्रदेश के सभी विद्यालयों में दिनांक 26 दिसम्बर 2025 को उत्साहपूर्वक मनाया जाना है। जिसके लिए राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा उक्त **''वीर बाल दिवस''** मनाये जाने हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश प्रेषित किये गये हैं। दिनांक 26 दिसम्बर 2025 को आयोजित कार्यक्रमों, गतिविधियों का दस्तावेजीकरण एवं संग्रहण हेतु निम्नलिखित Link पर अपलोड किया जायेगा–

http://drive-google.com/drive/folders/1V28Qks8O6zcLFBtdPzRtS903X5fzmHrQ\us
http://drive-google.com/drive/folders/1V28Qks8O6zcLFBtdPzRtS903X5fzmH

साथ ही उक्त के सम्बन्ध में **शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक : 1-34/2025-MediaCell(DoSEL), दिनांक 23 दिसम्बर 2025 (संलग्न–2)** द्वारा अवगत कराया गया है कि दिनांक 26 दिसम्बर 2025 को दोपहर 12:30 बजे राष्ट्रीय स्तर पर **''वीर बाल दिवस''** भारत मण्डपम, नई दिल्ली में मनाया जा रहा है। जिसका लाईव प्रसारण लिंक http://pmindiawebcast.nic.in/ पर किया जायेगा तथा निर्देशित किया गया है विद्यार्थी, शिक्षक एवं समुदाय के सदस्य अधिक से अधिक संख्या में लाईव प्रसारण में प्रतिभाग करेंगे।

अतः उपरोक्तानुसार **''वीर बाल दिवस''** मनाये जाने हेतु यथानिर्देशित कार्यवाही करने का कष्ट करें तथा अपर राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून को भी कृत कार्यवाही से अवगत कराने का कष्ट करेंगे।

**संलग्नक : यथोपरि।**

भवदीय

24/12/25

**(बन्दना गर्ब्याल)**
निदेशक
अकादमिक, शोध एवं प्रशिक्षण
उत्तराखण्ड, देहरादून।

पृ0सं0 : शिविर / 1551-55 / छः–45 / 2025–26, दिनांक यथोपरि।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. सचिव, विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन।
2. महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा / राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून।

3. अपर निदेशक सीमैट/एस0सी0ई0आर0टी0 उत्तराखण्ड, देहरादून।
4. अपर राज्य परियोजन निदेशक समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून।
5. समस्त प्राचार्य, डायट उत्तराखण्ड को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अपने संस्थान में यथानिर्देशित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
6. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी/उपशिक्षा अधिकारी द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारी, सम्बन्धित जनपद।
7. प्रभारी, विद्या समीक्षा केन्द्र/एजुकेशन पोर्टल को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त पत्र को संलग्नकों सहित प्रसारित करना सुनिश्चित करें।
8. कार्यालय प्रति।

(बन्दना गर्ब्याल)
निदेशक
अकादमिक, शोध एवं प्रशिक्षण
उत्तराखण्ड, देहरादून।

''उत्तराखण्ड सभी के लिए शिक्षा परिषद्''
राज्य परियोजना कार्यालय ननूरखेड़ा
तपोवन मार्ग, रायपुर, देहरादून (उत्तराखण्ड)
दूरभाष 0135– 2781941, 2781942, 2781943
Website: http://ssa.uk.gov.in, E-mail: spd-ssa-uk@nic.in

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

सेवा मे,

समस्त जिला परियोजना अधिकारी,
समग्र शिक्षा,उत्तराखंड।

निदेशालय अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण उत्तराखण्ड, देहरादून
क्र0 780
दि0 22/12/25

पत्रांकः–रा0प0का0/ 1861 /वीर बाल दिवस /2025–26 दिनांकः 22 दिसंबर, 2025

विषय – दिनांक 26 दिसंबर 2025 को विद्यालयों मे बीर बाल दिवस मनाए जाने विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के पत्र संख्या F. No. 17-9/2023 दिनांक 17 दिसंबर 2025 के अनुपालन मे आपको अवगत करवाना है कि भारत के भविष्य की नींव के रूप मे बच्चों को सम्मानित करने के लिए समर्पित एक राष्ट्रव्यापी उत्सव के रूप मे **"बीर बाल दिवस"** प्रदेश के सभी विद्यालयों मे दिनांक 26 दिसंबर 2025 को उत्साहपूर्वक मनाया जाना है।

विदित हो कि 9 जनवरी 2022 को, श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के दिन, माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा घोषणा की थी कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के पुत्रों साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत की याद में प्रतिवर्ष 26 दिसंबर का दिन **"बीर बाल दिवस"** के रूप मे मनाया जाना सुनिश्चित किया गया है।

उक्त के क्रम मे आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने अधीनस्थ सभी विद्यालयों, आवासीय छात्रावास एवं विद्यालयों सहित को निर्देशित करें कि वे वर्ष 2025 का **"बीर बाल दिवस"** उत्साहपूर्वक मनाएं। विद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों द्वारा आयोजित की जा सकने वाली गतिविधियों की सूची निम्नलिखित है।

1. छात्रों को अपने जनपद के प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं (PMRBP) की पहचान करने और स्कूल प्रार्थना सभा/कहानी सुनाने के सत्रों के दौरान उनकी प्रेरणादायक कहानियां साझा करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा सकता है।

❖ आयु वर्ग के अनुसार प्रतियोगिताओं का आयोजन निम्नानुसार किया जा सकता है।
  - ❖ **क. आयु वर्ग (3–6 वर्ष)** – चित्रकारी, खेल गतिविधियां, कहानी सुनाना आदि
  - ❖ **ख. आयु वर्ग (6–10 वर्ष)** – चित्रकारी, निबंध लेखन और कहानी सुनाना, निम्नलिखित विषयों पर–
    1. भारत के लिए मेरा सपना
    2. मैं जिस भारत को देखना चाहता हूँ
    3. दूसरों की मदद करने की मेरी महाशक्ति
    4. मेरी संस्कृति के रंग
    5. मेरे आस–पास के नायक (शिक्षक, देखभाल करने वाले, मित्र)

❖ ग. आयु वर्ग (11–18 वर्ष) – निबंध, कविताएं, वाद–विवाद और डिजिटल प्रस्तुतियां, निम्नलिखित विषयों पर –

1. राष्ट्र निर्माण में बच्चों की भूमिका
2. विकसित भारत के लिए मेरा दृष्टिकोण
3. विकसित भारत को आकार देने में बच्चों की भूमिका
4. साहस और करुणा एक नायक क्या बनाता है? भारत के इतिहास से वीरता की कहानियाँ
5. भारत का इतिहास
6. डिजिटल इंडिया – युवाओं के लिए अवसर
7. स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत
8. बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ – हर लड़की का सशक्तिकरण
9. आत्मनिर्भर भारत – नवाचार के चालक के रूप में युवा
10. लोकल के लिए आवाज – भारत की पारंपरिक शिल्पकला का उत्सव
11. स्किल इंडिया मिशन – युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करना
12. अमृत कलरू युवा कल के भारत का निर्माण कर रहे हैं

2. **राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं का संपर्क–**

❖ सभाओं या विशेष सत्रों के दौरान पिछले प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) पुरस्कार विजेताओं की प्रेरणादायक कहानियाँ साझा करें।

उक्तांकित आयोजित कार्यक्रमों, गतिविधियों का दस्तावेजीकरण एवं संग्रहण हेतु निम्नलिखित Links पर अपलोड किया जाएगा।

https://drive-google.com/drive/folders/1V28Qks8O6zcLFBtdPzRtS903X5fzmHrQ\us
https://drive.google.com/drive/folders/1V28Qks8O6zcLFBtdPzRtS903X5fzmH

सूच्य है कि उपरोक्त सूची सांकेतिक है और इसमें सभी आयु वर्ग के लिए गतिविधियाँ शामिल हैं। विद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि वे केवल उन्हीं गतिविधियों का चयन और संचालन करें जो उनके संरक्षण में बच्चों की आयु, सीखने के स्तर और संदर्भ के लिए प्रासंगिक और उपयुक्त हों।

विद्यालयों को उल्लिखित गतिविधियों के अलावा अतिरिक्त गतिविधियाँ का भी आयोजन सहूलियत और आवश्यकता के अनुरूप कर सकते हैं वे अपने स्थानीय संदर्भ, संसाधनों और छात्रों की रुचियों के अनुरूप कार्यक्रम तैयार कर सकते हैं।

दिनांक 26 दिसंबर 2025 को विद्यालय की प्रार्थना सभा मे **बीर बाल दिवस** की पृष्ठभूमि और महत्व छात्रों को बताया जाए तथा छात्रों को देश भक्ति एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरणास्पद प्रसंगों को साझा किया जाए।

F.No. 1-34/2025-MediaCell(DoSEL)
Government of India
Ministry of Education
Department of School Education & Literacy
***

Shastri Bhavan, New Delhi
Dated: 23rd December, 2025

To,

1) Additional Chief Secretary/ Principal Secretary/ Secretary (School Education) All States/Union Territories

2) Heads of Autonomous Bodies

**Subject:- Webcast Link for Veer Bal Diwas on 26th December, 2025 -reg.**

**Sir/Ma'am,**

In continuation to this Department's letter of even no. dated 22.12.2025 (copy enclosed), I am directed to inform you that under the guidance of the Hon'ble Prime Minister, the Ministry of Women and Child Development is organising Veer Bal Diwas, a national-level event, on 26 December 2025 at Bharat Mandapam, New Delhi.

2. The programme will be webcast live on 26.12.2025 from 12:30 pm onwards on the following link-

https://pmindiawebcast.nic.in/

3. You are requested to issue necessary directions to circulate the above link to the schools and institutions under your jurisdiction for ensuring maximum participation of students, teachers and community members in the event.

Yours faithfully,

*Encl. as above*

Surendra Kumar 23.12.25
(Surendra Kumar)
Under Secretary to the Govt. of India
Tele. No. 23383935